(ख) इस स्थिति का सामना करने के लिए संबंधित राज्य सरकारों ने किस प्रकार की सहायता मांगी है; और

(ग) केन्द्रीय सरकार ने इस संबंध में क्या कदम उठाए है?

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम एम० जैकब) :(क) आन्ध्र प्रदेश और बिहार नक्सलवादी गतिविधियो से सबसे अधिक प्रभावित राज्य है। मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु के कुछ एक क्षेत्रों में इन उग्रवादियों का प्रभाव है।

(ख) और (ग) कुछ राज्य सरकारों से हथियारों के आवंटन और अतिरिक्त अर्ध-सैनिक बलो की तैनाती के लिए समय-समय पर अनुरोध प्राप्त होते हैं। कुछ एक मामलों में वित्तीय सहायता के लिए भी अनुरोध प्राप्त होते हैं। इन उग्रवादियों की गतिविधियों को रोकने के लिए केन्द्र सरकार राज्य सरकारों को सभी सम्भव सहायता देती रही है।

Killings by Militants in Jammu and Kashmir

233. DR. RATNAKAR PANDEY:
DR. BAPU KALDATE:

Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) what is the number of killings by militants in Jammu and Kashmir during the last five months, month-wise;

(b) what is the total number of the militants arrested so far alongwith the number of those who are Pakistanis and citizens of the State of Jammu and Kashmir; and

(c) what action has been taken by Government to contain the activities of the secessionist elements in the State and to safeguard the lives and properties of the people?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI M. M. JACOB): (a) Number of persons killed by terrorist in Jammu and Kashmir during the last five months is as follows:—

February, 91 . . .	32
March, 91	59
April, 91	39
May, 91	45
June 91	51

(b) 2656 terorists have been arrested in Jammu and Kashmir so far; out of which 3 are Pakistanis.

(c) Besides, stepping up vigil on the border, Government of Jammu & Kashmir has intensified vulnerable pockets and active gangs for gearing up anti-terrorist operations, organising Naka ambushes and effective deployment of para-military forces in the affected|sensitive pockets. Day and night patrolling in vulnerable areas, raids on hideouts of terrorists and extortionists have been intensified Intelligence has alos been strengthened.

पंजाब के आतंकवादियों के साथ बातचीत

234. **डा० रत्नाकर पाण्डेय** : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार पंजाब के आतंकवादियों के साथ कतिपय शर्तों के साथ वार्ता करने के किसी सुझाव पर विचार कर रही हैं; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(ख) यदि नहीं, तो पंजाब समस्या को हल करने के लिए सरकार द्वारा नए सिरे से क्या कदम उठाए जा रहे हैं?